PUBLICATION NAME :	Alpviram
EDITION :	Ahmedabad
DATE :	11/01/24
PAGE :	3

ईडीआईआई ने एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का संचार विषय पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का किया आयोजन

अहमदाबाद, भारतीय उद्यमिता विकास संस्थान (ईडीआईआई) ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र में प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने पर आधारित दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। सम्मेलन का उद्देश्य एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। भारत सरकार के सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (आईसी अनुभाग) द्वारा समर्थित सम्मेलन का उद्घाटन मंगलवार को दक्षिण कोरिया के माननीय राजदूत चांग जे-बोक की उपस्थिति में किया गया। विशिष्ट अतिथि के तौर पर सुश्री मर्सी एपाओ, संयुक्त सचिव, एमएसएमई मंत्रालय, भारत सरकार; रसना के चेयरमैन और सीआईआई टास्क फोर्स, अहमदाबाद के चेयरमैन श्री पिरुज खंबाटा और ईडीआईआई के महानिदेशक डॉ. सुनील शुक्ला भी उद्घाटन के अवसर पर मौजूद थे। सम्मेलन ने प्रमुख हितधारकों, विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एकसाथ लाते हुए एमएसएमई क्षेत्र में प्रौद्योगिकी के प्रसार पर चर्चा के लिए एक मंच प्रदान किया। इस कार्यक्रम में %ग्लोबल एंटरप्रेन्योरशिप मॉनिटर~ इंडिया रिपोर्ट 2022-23% भी जारी की गई, जो देश के उद्यमशीलता परिदृश्य के बारे में गहन जानकारी देती है। अपने बधाई भाषण में, एंबेसडर चांग ने कोरिया-भारत द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने में स्र्स्ध्य्ह्य की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। (1)